दिनांक : 22.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भावनात्मक स्वास्थ्य आज एक गंभीर चुनौती है।
- धान और गेहूँ उपार्जन, परिवहन और भंडारण की गड़बड़ियों को रोकने के लिए एकीकृत निगरानी तंत्र बनाने के निर्देश।
- सरकार देश के हर किसान को देगी एक डिजिटल पहचान पत्र, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में होगी आसानी।
- इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट का 18वां संस्करण आज से होगा शुरू, टूर्नामेंट में 10 टीम खेलेंगी 74 मैच।

राष्ट्रपति - एम्स

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- एम्स के डॉक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि वे लोगों में व्याप्त उन रोगों के बारे में जागरूकता पैदा करें जिनकी उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि भावनात्मक स्वास्थ आज एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स, के 49वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कल राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि किसी के लिए भी, विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए निराशा की कोई गुंजाइश नहीं है।

गृह मंत्री आतंकवाद

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाई है उन्होने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के दौरान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के कारण होने वाली मौतों में 70 प्रतिशत कमी आई है और आतंकी घटनाओं में भी भारी कमी हुई है। राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का उत्तर देते हुए कल श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद और पूर्वोत्तर में उग्रवाद की तीन बड़ी चुनौतियों का दृढता से सामना किया है।

एकीकृत निगरानी तंत्र

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अफसरों को निर्देश दिये हैं कि धान और गेहूँ उपार्जन, परिवहन और भण्डारण में सामने आने वाली गड़बडियों को रोकने के लिए एकीकृत निगरानी तंत्र जल्द विकसित करें। श्री सिंह ने कहा कि है धान और चावल के मिलिंग और परिवहन के दौरान वाहनों में जीपीएस सिस्टम आवश्यक रूप से लगवाने के साथ उसकी मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मुख्यालय स्तर पर कन्ट्रोल कमांड सेन्टर बनाया जाए जिससे पूरे प्रदेश में भण्डारित किये गये उपार्जित धान एवं गेहूँ और चावल की मात्रा, परिवहन और मिलिंग की जानकारी एक ही क्लिक पर उपलब्ध हो जाए।

मुख्यमंत्री भिंड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भिण्ड जिले के मालनपुर में एक हजार करोड़ रूपए की लागत से एलिक्सर इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की आधुनिक मेगा इकाई का कल भूमि-पूजन किया। इस मौके पर रेडीमेड गारमेंट ग्वालियर की 7 इकाईयों और मुरैना जिले के औद्योगिक क्षेत्र पिपरसेवा की 11 इकाईयों का भी भूमिपूजन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबल अब विकास के नाम से पहचाना जाता है।

बाइट- मुख्यमंत्री (25 सेकेंड)

कृषि कल्याण-संसद

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में वर्ष 2025-26 के लिए कृषि मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा का उत्तर देते हुए कल कहा कि डिजिटल एग्री मिशन के अंतर्गत देश के हर किसान को एक डिजिटल पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसान विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से फसल को हुए नुकसान से व्यापक सुरक्षा प्रदान करती है।

बाइट: शिवराज सिंह (18 सेकेंड)

विधानसभा स्टेडियम

सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार खेल, खिलाड़ी और खेल मैदान के लिये काम कर रही है। विधानसभा स्तर पर खेल स्टेडियम बनाने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में नई पार्थ योजना और एमपीवायपी योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश युवा पोर्टल की शुरूआत की है। अपने विभागों की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा के जवाब में कल उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बीज की दिशा में काम कर रही है। बीज संघ को उन्नत स्तर पर पहुँचाने का प्रयास है। बीज संघ के माध्यम से चीता बीज के नाम से नया ब्रॉण्ड लांच किया जा रहा है। पैक्स के माध्यम से चीता बीज का वितरण किया जायेगा।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ और दो साइक्लोनिक सिस्टम का असर अब कम होने लगा है। इससे भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, नर्मदापुरम संभाग में मौसम साफ रहेगा और धूप खिली रहेगी। वहीं, रीवा, सीधी, मऊगंज और अनूपपुर में आंधी चल सकती है। इससे पहले कल सागर, दमोह और सिंगरौली में ओले गिरे। कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार 24 मार्च से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। इससे भी प्रदेश में मौसम बदल सकता है।

आईपीएल-क्रिकेट

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट का 18वां संस्करण आज से शुरू हो रहा है। कोलकाता में आज आरंभिक मैच में मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। टूर्नामेंट में 10 टीम 74 मैच खेलेंगी। प्रतियोगिता का फाइनल 25 मई को होगा। इससे पहले आज उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी, प्रसिद्ध गायिका श्रेया घोषाल और पंजाबी गायक करण औजला प्रस्तुति देंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ..

- उज्जैन में विक्रमोत्सव के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय पौराणिक फिल्मों के अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का कल शुभारंभ हुआ। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि महोत्सव में आज 9 फिल्मों का प्रदर्शन होगा।
- शाजापुर में आज पंडित बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।
- भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने  बैरसिया एवं हुजूर तहसील के अंतर्गत आने वाले गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया।
- रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज जनपद में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभागीय शिविर का आयोजन किया गया।
- इंदौर जिले में अब तक एक लाख क्विंटल से अधिक गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा जा चुका है। खरीदी के लिए जिले में 91 केंद्र बनाए गए हैं।
- छिन्दवाड़ा में सभी टास्क फोर्स की दक्षता उन्नयन के लिए 19 से 27 मार्च तक आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।
- मंदसौर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा विश्व गौरैया दिवस मनाया गया।
- सागर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं. चयनित उम्मीद्वारो को अपने मूल दस्तावेजो के साथ सेना भर्ती कार्यालय ग्वालियर में 24 मार्च तक उपस्थित होना है।
- सतना में विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आयोजित उपभोक्ता संरक्षण कार्यशाला में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी गई।

- बैतूल जिले के अंतर्गत आने वाली नगर परिषद चिचोली में कल सामान्य सभा के सम्मेलन में वन नेशन वन इलेक्शन सहित पांच प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किए गए।
- धार के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय नेशनल वर्क मेथाडोलॉजी का आयोजन किया गया हैं।
- खंडवा में टी.बी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत चलाये जा रहे 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत् 24 मार्च को जनजागृति रैली आयोजित की जायेगी।
- विदिशा में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया व्हील ग्लोबल फाउंडेशन पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

-------